# बाबा तेरे दर पे आना जाना हो गया भजन लिरिक्स

बाबा तेरे दर पे,
आना जाना हो गया,
मैं दीवाना हो गया रे,
मैं दीवाना हो गया।bd।

---

साँझ सवेरे करूँ आरती,
तेरा ही गुण गाऊ,
तेरे दर्शन पाकर बाबा,
मन ही मन हर्षाउ,
श्याम तेरे भजनों का,
मैं तराना हो गया,
मैं दीवाना हो गया रे,
मैं दीवाना हो गया।bd।

---

हर ग्यारस पर दर पे आके,
तुझको शीश नवाया,
बैठ तेरे चरणों में बाबा,
तेरा ध्यान लगाया,
श्याम तेरी ज्योती का,
मैं तराना हो गया,
मैं दीवाना हो गया रे,
मैं दीवाना हो गया।bd।

---

तेरी कृपा ऐसी बरसी,
धन्य हुआ मैं बाबा,
धाम तुम्हारा ऐसा लागे,
जेसे काशी काबा,
तेरे रंग मे पागल,
ये जमाना हो गया,
मैं दीवाना हो गया रे,
मैं दीवाना हो गया।bd।

---

तेरी रज को शिश लगा कर,
झूम उठा जग सारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरे प्यार का मिला खजाना,
हो गया वारा न्यारा,
'रोहित' तेरी मस्ती में,
मस्ताना हो गया,
मैं दीवाना हो गया रे,
मैं दीवाना हो गया।**bd**।

---

बाबा तेरे दर पे,
आना जाना हो गया,
मैं दीवाना हो गया रे,
मैं दीवाना हो गया।**bd**।

गायक / प्रेषक – अविनाश शर्मा।
**9772861742**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com